No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – II) 2026– 2027

Class - VI MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hr.

Name: _____ Roll No.:_____

प्रश्न 1 निम्न पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1X4=4)**

कहा दासी ने धीरज त्याग– "लगे इस मेरे मुँह में आग।

मुझे क्या, मैं होती हूँ कौन ? नहीं रहती हूँ फिर क्यों मौन ?

देखकर किंतु स्वामी–हित–घात, निकल ही जाती है कुछ बात।

इधर भोली हैं जैसी आप ! नहीं तो यह सीधा षड्यंत्र,

रचा क्यों जाता यहाँ स्वतंत्र ? महारानी कौशल्या आज,

सहज सज लेतीं क्या सब साज ?" कहा रानी ने– "क्या षड्यंत्र ?

वचन है तेरे मायिक मंत्र। हुई जाती हूँ मैं उद्भ्रांत,

खोलकर कह तू सब वृतांत।" मंथरा ने फिर ठोंका भाल–

"शेष अब भी क्या कुछ हाल ? सरलता भी ऐसी है व्यर्थ,

समझ जो सके न अर्थानर्थ।" भरत को करके घर से त्याज्य,

राम को देते हैं नृप राज्य। भरत–से सुत पर भी संदेह,

बुलाया तक न उन्हें जो गेह !"

(क) **उपर्युक्त पदुयांश में दासी कौन है ?**

अ मंथरा ब कैकेयी

स स्वामी द कौशल्या

(ख) **मंथरा के अनुसार–**

अ कैकेयी अत्यंत सरल है इसलिए षड्यंत्र को समझ नहीं पा रही।

ब कैकेयी ने जान–बूझकर भरत को घर से भेजा, ताकि वे राज्य की माँग न करे।

स कैकेयी स्वयं षड्यंत्र का हिस्सा है, अतः भोली होने का नाटक कर रही है।

द मंथरा को राजा की पूरी चाल पता है।

(ग) कथन (**A**) और कारण (**R**) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (**A**) : मंथरा के अनुसार ककैयी अत्यंत भोली है।

कारण (**R**) : राम को राजा बनाने का षड़यंत्र रचा जा रहा है।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) पद्यांश के अनुसार मंथरा क्यों दुखी है ?

प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए – **(1X5=5)**

क) 'गृह ' एवं 'अष्ट' शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

ख) 'गाँव ' एवं 'पत्ता' शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

ग) 'राष्ट्रपति' रचना के आधार पर किस प्रकार का शब्द है ?

घ) सार्थक शब्द और निरर्थक शब्द के एक–एक उदाहरण लिखिए।

ङ) वर्णसंकर शब्द किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखिए–

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) **(2X3=6)**

क) 'गोल' पाठ में हॉकी की कौन सी दो टीमें खेल रही हैं।?

ख) ध्यानचंद में अच्छे खिलाड़ी होने के कौन–से विशेष गुण थे ?

ग) बर्षा का प्रेम पाकर धरती के मन में क्या इच्छा जाग उठी ?

घ) आपको कौन–सी ऋतु पसंद है और क्यों ?

प्रश्न 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । **(1X5=5)**

क) योग का महत्तव

ख) हमारा राष्ट्रीय ध्वज

ग) वर्षा ऋतु

——00——